हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, मंगलवार, 19 अगस्त, 2025

मनीषा हत्याकांड के विरोध में संगठनों ने निकाला मार्च 11



श्रम कल्याण बोर्ड की योजनाओं पर रोक हटाने को लेकर प्रदर्शन 12



## खबर संक्षेप

### हेरोइन सहित पंजाब के दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जाखल पुलिस ने गश्त के दौरान दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 11.410 ग्राम हेरोइन बरामद की है। वारदात में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रीतपाल सिंह उर्फ कालू पुत्र जोधा सिंह तथा जगतार सिंह उर्फ तारी सिंह पुत्र बीरबल सिंह, निवासी गांव खंडेबाद, थाना लेहरा गग्गा, जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई है।

### सरिया चोरी के मामले में चारों आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** ट्रक चालक व सहायकों द्वारा एक व्यापारी का सरिया चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चोरों आरोपी यूपी के रहने वाले है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जाहिद पुत्र महमूद, निवासी गांव लालूनगला, जिला अमरोहा, कादिर पुत्र नुरहसन निवासी गांव चावली, जिला बुलंदशहर, अबरार निवासी गांव लालपुर सौलाना, जिला हापुड़ तथा शादाब पुत्र आबीद निवासी गांव लालपुर सौलाना, जिला हापुड़ के रूप में हुई है।

### कृषि यंत्रों पर मिलेगा 50 प्रतिशत अनुदान

**सिरसा।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। पात्र किसान योजना का लाभ लेने के लिए पोर्टल पर 20 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।

### स्वामी राजेंद्रानंद महाराज के निधन पर जताया शोक

**सिरसा।** सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी सेवा संघ की एक बैठक संरक्षक ओपी बिश्नोई की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्वामी राजेंद्रानंद महाराज (हरिद्वार वाले) के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। संघ पदाधिकारियों ने भगवान से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा उनके परिवार को दुख की घड़ी में इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

### शहीद मदनलाल ढींगड़ा को दी श्रद्धांजलि

**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय के बाहर स्थित शहीदी स्मारक पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा शहीद मदनलाल ढींगड़ा का शहीदी दिवस मनाया गया। इस दौरान शहीद मदनलाल ढींगड़ा को माल्यार्पण किया गया। सर्व प्रथम स्वामी विज्ञान प्रेमानंद ने शहीद मदनलाल ढींगड़ा को पुष्पांजलि देते हुए देश के युवाओं से शहीद मदनलाल ढींगड़ा के जीवन से प्रेरणा लेकर देश प्रेम की भावना को जागृत करने के लिए विस्तार से बताया।

## सोशल मीडिया अपराधियों पर शिकंजा, 17 इनफ्लुएंसर व 35 फॉलोअर्स पर कार्रवाई

- फतेहाबाद पुलिस का अपराध पर प्रहार, अगस्त में 105 आरोपी भेजे सलाखों के पीछे, 5 करोड़ की हेरोइन बरामद

- नशा तस्करों और अन्य अपराधियों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई जारी
- एसपी की आमजन से अपील, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस ने नशा तस्करों और अन्य अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रही है। एक अगस्त से अब तक विभिन्न अभियानों के तहत कुल 105 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, जिनमें नशा तस्करी, अवैध हथियार, चोरी, सट्टा-जुआ, वांछित अपराधी एवं बेल जंपर शामिल हैं। फतेहाबाद पुलिस ने साइबर अपराधों व डिजिटल मंचों पर आपराधिक प्रवृत्तियों पर लगाम कसने हेतु 17 सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों के अकाउंट आईटी एक्ट की धारा 79(3)(बी) के तहत बंद करवाए। ये लोग समाज में भ्रामक व आपत्तिजनक सामग्री फैला रहे थे। इसके साथ ही उनके 35 फॉलोअर्स को नोटिस जारी कर उन्हें अनफॉलो करवाया गया, जिससे सोशल मीडिया पर आपराधिक प्रवृत्तियों को हतोत्साहित किया जा सके।

### एसपी का संदेश

एसपी सिद्धांत जैन, आईपीएस ने कहा कि जिला फतेहाबाद को नशा और अपराध मुक्त बनाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए नियमित गश्त, गुप्त सूचना आधारित कार्रवाई और तकनीकी निगरानी की जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, और आश्वस्त किया कि सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

### नशा तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

अगस्त माह में अब पुलिस ने 10 मामले दर्ज कर 16 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से 15.248 किलोग्राम चूरा पोस्त, 1.121 किलोग्राम हेरोइन तथा 1.200 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इनमें से 2 मामले कमर्शियल मात्रा के पाए गए, जिनमें एनडीपीएस अधिनियम की सख्त धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। अवैध हथियार रखने वालों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने 3 मामलों में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से 3 पिस्तौल और 1 जिंदा कारतूस बरामद हुआ। सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने वाले 3 अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अवैध शराब तस्करों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 8 मुकदमे दर्ज कर 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से 155.66 बोतल अवैध शराब, 180 किलोग्राम लाहन जब्त की गई। एक मामले में पुलिस ने चलती भट्टी सहित आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने 27 वांछित अपराधियों 9 पीओ और 18 बेल जंपर को गिरफ्तार किया। इनमें 7 पीओ ऐसे थे जो पिछले 5 वर्षों से फरार थे और जिन पर इनाम घोषित था। चोरी व स्नैचिंग मामलों में पुलिस ने 43 आरोपियों को गिरफ्तार कर 20 लाख 20 हजार 460 मूल्य की चोरी गई संपत्ति, वाहन और नकदी बरामद की। सात मामलों का खुलासा मात्र 24 घंटे के भीतर किया गया।



एसपी सिद्धांत जैन।

## भूना नगरपालिका की बैठक को लेकर टकराव

# 15 पार्षदों की बैठक में 6 ही हुए शामिल, 9 ने किया बहिष्कार

### बिना बहुमत की बैठक में महत्वपूर्ण कामों के डाल दिए प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

नगर पालिका भूना की हाउस मीटिंग को लेकर चेयरपर्सन और पार्षदों के बीच टकराव की स्थिति बन गई है। सोमवार सुबह 11 बजे चेयरपर्सन अर्पणा पंकज पसरीजा की अध्यक्षता में नगर पालिका की बैठक आयोजित की गई, जिसमें 15 में से केवल 6 पार्षद ही शामिल हुए। बैठक में शहर के विकास को लेकर कई प्रस्ताव पास किए गए, लेकिन अधिकतर पार्षदों की गैरमौजूदगी ने इस मीटिंग को विवादों में ला खड़ा किया। कई पार्षदों ने आरोप लगाया कि उन्हें मीटिंग की सूचना बहुत देर से यानी रविवार शाम को दी गई, जिससे वे पहले से तय कार्यक्रम में व्यस्त हो गए। वाइस चेयरमैन सहित 11 पार्षदों ने इस मीटिंग को रद्द करने की मांग की। बैठक में प्रजापति धर्मशाला के सामने लाइब्रेरी, परशुराम धर्मशाला के पीछे इंडोर स्टेडियम, भगत सिंह पार्क के पास भगवान वाल्मीकि चौक, हिसार रोड पर पाबूजी चौक और रतिया कैंची चौक का नामकरण महाराजा रणजीत सिंह के नाम पर करने जैसे प्रस्ताव रखे गए। वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी समेत भाजपा समर्थित 11 पार्षदों ने इस मीटिंग को रद्द करने की मांग सचिव और डीएमसी से की। उनका कहना था कि सोमवार को ही जाखल में बीजेपी की जिला कार्यकारिणी की अहम बैठक थी, जिसमें उनकी मौजूदगी जरूरी थी।



**भूना।** विकास कार्यों पर चर्चा करती हुई चेयरपर्सन, पार्षद तथा अधिकारी।



**भूना।** भाजपा की जिला स्तरीय बैठक में पहुंचे पार्षद। *फोटो : हरिभूमि*

### क्या कहती है चेयरपर्सन

चेयरपर्सन अर्पणा पसरीजा ने कहा कि वह शहर के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन कुछ लोग जानबूझकर अड़चनें खड़ी कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि 8 अगस्त को ही मीटिंग की सूचना सभी पार्षदों को दे दी गई थी।

इसके बावजूद चेयरपर्सन ने बैठक रद्द नहीं की और महज 6 पार्षदों की मौजूदगी में कार्यवाही की। वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी द्वारा मीटिंग रद्द करने के लिए दिए गए पत्र पर 10 पार्षदों के हस्ताक्षर थे, लेकिन चेयरपर्सन ने मीटिंग करवाने का निर्णय लिया। इस कारण सचिव को बैठक आयोजित करनी पड़ी। बैठक में वार्ड 2 के रोहताश जांगड़ा, वार्ड 4 से अमन बाबा, वार्ड 7 से रामनिवास, वार्ड 8 की पूजा छोकरा, वार्ड 11 की शीला देवी व वार्ड 14 के प्रकाश कुमार मौजूद रहे। इस बैठक में दो मनोनीत पार्षद पूनम सिंगला और जम्मू कंबोज को शपथ दिलाई जानी थी, जो संभव नहीं हो पाई क्योंकि दोनों भी जाखल में भाजपा मीटिंग में शामिल हो गए।

### ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी में दो काबू

**फतेहाबाद।** जिला फतेहाबाद पुलिस द्वारा अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए टोहाना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी के एक मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वरुण वर्मा निवासी मकान नं. 187, नजदीक दुर्गा मंदिर, बी ब्लॉक, नई अनाज मंडी, सिरसा तथा संदीप उर्फ दीपु निवासी मकान नं. 203, बी ब्लॉक, नई अनाज मंडी, सिरसा के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उप-निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि इस मामले में पहले ही दो मुख्य आरोपी मनजीत उर्फ गुल्लु व डॉ. कुनाल को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### चोरी की तीन वारदातों का किया पदार्फाश

**रानियां।** पुलिस ने चोरी की तीन वारदातों का पदार्फाश कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। थना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि 1 अगस्त को अनिल कुमार निवासी रानियां ने शिकायत दी थी कि बीडीपीओ दफ्तर चौक रानियां के पास स्थित उसकी डीएन इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान का शटर तोड़कर लैपटॉप चोरी कर लिया गया। उसी रात राजकुमार निवासी रानियां की सौरभ मेडिकल से 2000 रुपये नकद और मुकेश कुमार सिंगला निवासी रानियां की केक हाउस दुकान से 3000 रुपये नकद, खाद्य सामग्री, कैमरे व डीवीआर चोरी कर लिए गए।



**फतेहाबाद।** नगरपरिषद के गेट को बंद करती महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

## गंदे पानी की समस्या से आजीज महिलाएं नगर परिषद पहुंची, नहीं मिले अधिकारी

### गुस्साई महिलाओं ने गेट किया बंद

- नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ जमकर रोष जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर की हंस कॉलोनी में लंबे समय से पानी निकासी न होने से परेशान लोगों के सब्र का बांध आखिरकार टूट गया। सोमवार को काफी संख्या में कालोनी की महिलाएं नगर परिषद कार्यालय में पहुंची और नगर परिषद कार्यालय पर गेट बंद करके धरने पर बैठ गई। महिलाओं का कहना था कि वह अधिकारियों को अपनी समस्या बताने आई थी लेकिन नगरपरिषद कार्यालय में न तो उन्हें ईओ मिला और न ही प्रधान व उपप्रधान। इससे खफा होकर उन्हें कार्यालय को बंद करना पड़ रहा है। इस दौरान महिलाओं ने नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ जमकर रोष जताया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं बिमला, राज रानी, नीमल, आशा, पूजा, सुनीता, रजनी आदि ने कहा कि पिछले 3 वर्ष से उनकी कॉलोनी में बरसाती पानी और घरो के पानी की निकासी नहीं हो रही है, जिसके चलते उन्हें लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूरी आबादी होने के बाद भी सीवर लाइन नहीं बिछाई जा रही है।

### समाधान की मांग

इसी समस्या को लेकर महिलाएं और उनके साथ कॉलोनी के कुछ लोग सोमवार सुबह नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने जब पता किया तो उन्हें सूचना दी गई कि ईओ राजेंद्र सोनी छुट्टी पर चल रहे हैं। नगर परिषद प्रधान राजेंद्र खिंची किसी शादी समारोह में गए हुए हैं जबकि उपप्रधान सविता टुटेजा जाखल में बीजेपी की जिला कार्यकारिणी मीटिंग में शामिल होने गई हैं। इससे महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने ऐलान कर दिया कि वे नगर परिषद के गेट पर ही बैठी रहेंगी, जब तक अधिकारी आकर उनकी समस्या का समाधान नहीं करते, तब तक वे यहां से नहीं हटेंगी। न महिलाओं व लोगों को समर्थन देने के लिए जिंदगी संस्था के अध्यक्ष हरदीप सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने भी अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की।

## सुंदर नगर में रैंप तोड़ने पर हंगामा

- कांग्रेस नेत्री का रैंप तोड़ने पर लोग बोले- पूरे शहर में अतिक्रमण हटाओ, एक तरफ़ा कारवाई बंद करो

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

नगर परिषद की ओर से सुंदर नगर योग नगर एरिया में रैंप तोड़ने व अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू होते ही हंगामा खड़ा हो गया। कार्रवाई के दौरान कांग्रेस नेत्री कृष्णा पुनियां के घर के बाहर बना रैंप भी तोड़ा गया, जिस पर लोगों ने कडा विरोध जताया। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पूरे शहर में अवैध कब्जे और अतिक्रमण मौजूद हैं, लेकिन नगर परिषद केवल चुनिंदा जगहों पर कार्रवाई कर रही है। सेल्ज टैक्स एडवोकेट अजय गिलहोत्रा ने कहा कि जब पूरे शहर में अतिक्रमण फैला हुआ है तो सिर्फ सुंदर नगर को क्यों निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि अगर रैंप तोड़ने का अभियान चलाना है तो इसे पूरे शहर और दुकानों के आगे बने अतिक्रमण पर भी चलाया जाए।



लोगों ने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति की शिकायत पर पूरे मोहल्ले को टारगेट किया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान घरों के बाहर लगे पौधों तक को नुकसान पहुंचा, जिससे लोगों का गुस्सा और भड़क गया। सुंदर नगर निवासियों ने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए आधे-अधूरे कदम नहीं उठाए जाएं, बल्कि पूरे शहर में समान रूप से अभियान चलाया जाए। उन्होंने नगर परिषद की मौजूदा कार्रवाई को पक्षपातपूर्ण बताते हुए निष्पक्ष और व्यापक अभियान चलाने की मांग की।

## गर्ल्स कॉलेज के लिए बस सेवा शुरू करने की मांग

- एडीसी ने समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य सरकार की योजनाओं में आने वाली प्रत्येक शिकायत का त्वरित समाधान कर प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ देना है। उन्होंने कहा कि विभाग प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें। एडीसीअनुराग ढालिया सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें और उसका संभावित त्वरित समाधान करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायत कर्ताओं की शिकायतों के समाधान की प्रक्रियाओं बारे पूरी जानकारी देकर संतुष्ट करें।



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते एडीसी अनुराग ढालिया।

### ये शिकायतें हुई प्राप्त

समाधान शिविर में दौलतपुर निवासी प्रताप सिंह ने रेड एंट्री दुरूस्त करवाने, नेकी राम ने दिव्यांग पेंशन ना बनने के कारण मांग पत्र व आर्थिक सहायता देने, मुकेश कुमार, दलीप व सतबीर प्रार्थीगण ने विद्यालय एवं महिला कॉलेज भोडिया खेड़ा में छात्रों के लिए राज्य परिवहन बस सेवा, शंकर, धर्मपाल व मुकेश कुमार प्रार्थीगण ने निर्माणाधीन बीघड़-धारनिया रोड के बीच की जगह पर इंटर लोक टाइल लगवाने, स्थानीय वार्ड नंबर 15 फतेहाबाद निवासी मुकेश कुमार ने बिजली विभाग की गलती के कारण बीपीएल कार्ड कटने, ढाणी माजरा निवासी अजय कुमार व धारनिया निवासी राम निवास ने पीपीपी में इनकम कम करवाने आदि शिकायतें प्राप्त हुई।

## न्यायाधीश ने सुनीं कैदियों की समस्याएं

- जिला जेल का दौरा कर कार्यप्रणाली का अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीश जिंदिया ने जिला जेल का दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला भी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने जेल में कैदियों से मुलाकात की व उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जेल की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया और रजिस्टर चैक किए। उन्होंने जेल में रह रहे कैदियों के बनने वाले भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। कैदियों से बातचीत करते हुए उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मिलने वाली मुफ्त कानूनी सहायता सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी बंदी को कानूनी सहायता या काउंसलिंग की आवश्यकता है तो वह सीधे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं या जेल प्रशासन के माध्यम से भी इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं।



**सिरसा।** जिला जेल का निरीक्षण करते न्यायाधीश पुनीश जिंदिया। *फोटो : हरिभूमि*

### व्रत करने से सभी पाप हो जाते हैं नष्ट : सोनू शर्मा

## अजा एकादशी आज, मुराद पाने के लिए रखा जाता व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व माना गया है और प्रत्येक माह दो एकादशी आती हैं। शास्त्रों में सभी एकादशियों का विशेष महत्व बताया गया है। भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी बहुत ही खास होती है और इसे अजा एकादशी कहा जाता है। इस साल मंगलवार 19 अगस्त को अजा एकादशी है। यह पर्व जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इसके लिए अजा एकादशी के दिन भक्ति भाव से लक्ष्मी नारायण जी की पूजा की जाती है। साथ ही मनचाही मुराद पाने के लिए व्रत रखा जाता है। भगवान विष्णु के साथ ही उनके श्रीकृष्ण अवतार का पूजन करना भी फलदायी माना गया है। कहते हैं कि अजा एकादशी का व्रत रखने से जातक के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। वैदिक पंचांग के अनुसार भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 19 अगस्त को दोपहर 3 बजकर 32 मिनट तक रहेगी। उदयातिथि के अनुसार इस साल अजा एकादशी का व्रत आज यानि 19 अगस्त को रखा जाएगा। इस व्रत का पारण 20 को सुबह 5 बजकर 53 मिनट से लेकर 8 बजकर 29 मिनट तक किया जाएगा। श्री श्याम मंदिर के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि अजा एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि करने के बाद स्वच्छ वस्त्र पहनें।



### अजा एकादशी पर त्रिपुष्कर योग



पंडित सोनू शर्मा के अनुसार त्रिपुष्कर योग एक शुभ योग है, जो कुछ नक्षत्रों, वार और तिथियों के संयोग से बनता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, यह योग कार्यों में तिगुनी सफलता प्रदान करता है। इस दिन शुरू किए गए कार्यों में स्थायी लाभ और समृद्धि मिलती है। उन्होंने बताया कि इस योग में भगवान विष्णु की पूजा और दान-पुण्य का विशेष महत्व है। अजा एकादशी और त्रिपुष्कर योग का संयोग इस दिन को अत्यंत फलदायी बनाता है।

रोहतक, मंगलवार
19 अगस्त 2025

# हरिभूमि सहेली



चालीस-पैंतालिस की उम्र में आकर हम यही सोचते हैं, अब जिंदगी में कुछ नया करने, बड़ा करने के दिन गए। जबकि ऐसा कुछ नहीं है, किसी भी उम्र में अपने सुहाने सपने पूरे किए जा सकते हैं। अपनी एक पहचान बनाई जा सकती है। बस जरूरत है, हम अपने भीतर उत्साह-उमंग और जोश समेटे रहें, पूरी तरह आशावादी रहें।

## अभी देर नहीं हुई आज भी संवर सकती है जिंदगी

कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन

आज अमृता का पैंतालिसवां जन्मदिन था। हर कोई उसे बधाई दे रहा था, लेकिन वह उदास थी। उसकी सहेली सुरभि ने अकेले में उसकी उदासी की वजह पूछी तो फूट-फूट कर रो पड़ी, बोली, 'मैं पैंतालिस साल की हो गई हूं। अभी तक मेरा अपना फ्लैट नहीं है, किराए के फ्लैट में रह रही हूं। न ही अभी तक मेरे किसी बच्चे की शादी हुई है। मेरे सब भाई-बहनों और सहेलियों के अपने फ्लैट हैं। बच्चे पढ़-लिख गए, उनकी शादी भी हो गई है। जिंदगी बीती जा रही है और मैं अब तक कुछ भी अचीव नहीं कर पाई।' सुरभि ने अमृता को समझाया, 'सुन अमी! न्यूयॉर्क कैलिफोर्निया से तीन घंटे आगे है, लेकिन इससे कैलिफोर्निया पीछे नहीं रह गया। पचास वर्षीया स्नेहा को आज सब जानते हैं, क्योंकि वह एक मल्टीनेशनल कंपनी में सीईओ हैं, लेकिन पांच साल पहले तक उसे कोई नहीं जानता था। जबकि सचिन तेंदुलकर को 16 वर्ष की आयु में पूरी दुनिया जानने लग गई थी। कोई अड़तालिस साल की उम्र तक कुंवारा रह जाता है, फिर जीवनसाथी ढूंढ़ पाता है, जबकि किसी की शादी अट्ठाइस वर्ष की उम्र में हो जाती है, लेकिन तलाक होने की वजह से वह पैंतालिस वर्ष की उम्र में फिर से अकेला हो जाता है। ओबामा पचपन की उम्र में रिटायर हो गए, जबकि ट्रंप ने राजनीतिक शुरुआत ही 70 वर्ष की उम्र में की थी। दरअसल, दुनिया में हर किसी के समय का एक दौर या टाइम जोन होता है। कोई आपसे आगे दिख सकता है, तो कोई पीछे। लेकिन हर कोई अपनी दौड़ में अपने समय पर है। न किसी से ईर्ष्या करने की जरूरत है और न नकल करने या दुखी होने की। वे अपने टाइम जोन में हैं, हम अपने जोन में। सही समय का इंतजार करना ही जिंदगी है। रिलैक्स करो। तुम एकदम समय पर हो और विधाता ने तुम्हारे लिए जो टाइम जोन सेट किया है, उसी के मुताबिक हो।' सुरभि ने अमृता से बिल्कुल सही कहा। हमें बीतती हुई उम्र के लिए चिंतित होने की बजाय, इन बातों पर ध्यान देना चाहिए-

### कुछ नया करने की कोई उम्र नहीं होती



इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी उम्र कितनी है। आप यह मान कर चलें कि आज भी उतनी ही ऊर्जावान हैं, जितनी बीस-बाइस साल की उम्र में थीं। बड़ी उम्र में आना, जीवन का अंत नहीं है। यह आने वाले दिनों की नई शुरुआत है। अपने लक्ष्य तय करें और उन्हें हासिल करें। आप डांस या म्यूजिक सीखना चाहती हैं, अकेले दुनिया घूमना चाहती हैं, कोई नया और कुछ अलग हटकर शौक अपनाना चाहती हैं। बस, आप जो चाहती हैं, कर डालें, झिझकें नहीं। याद रखें, आपको एक ही जिंदगी मिली है, इसलिए वो सब करें, जो आपका दिल करना चाहे, लेकिन दुखी ना हों।

### सेहत पर पूरा ध्यान दें



अब तक आपने अपने सास-ससुर, पति, बच्चों आदि के लिए ही सब कुछ किया और कभी अपनी सेहत का ध्यान नहीं रखा। खूब काम किया और वो सब कुछ किया, जिससे आपकी सेहत को नुकसान पहुंच सकता था। चालिए कोई बात नहीं, जब जागो तभी सवेरा। अब आपकी अपनी देखभाल का उचित समय आ गया है। अच्छा खाएं, व्यायाम करें, प्रकृति के नजदीक रहें, ध्यान लगाएं। जितनी अच्छी आदतें आप इस समय अपनाएंगी, उतनी ही स्वस्थ आप आने वाले समय में उम्र के पचास-साठ के दशक में रहेंगी।

### समय किसी के लिए नहीं रुकता

समय सतत चलायमान है। यह किसी के लिए नहीं रुकता है, लेकिन जैसे-जैसे यह बीतता है, नई सीख भी देता जाता है। समय के इस चक्र में कभी-कभी हमारी सीख और हमारे अनुभव भी असहाय नजर जाते हैं। कई बार हमें लगता है कि जिनसे हमारा सामना आज हो रहा है, उसे हमें बहुत पहले ही जान लेना चाहिए था। ऐसी ही कुछ बातें हैं, जिनको सुनने के बाद लगता है 'काश! ये सीख जवानी में मिली होती तो आज जीवन और भी सुखमय हो सकता था।'

### रहें हमेशा आशावादी

जिस तरह हर रात की सुबह होती है, ठीक उसी तरह हर पहलू का अंत होता है और एक नए पहलू का जन्म होता है। दुख है तो उसका अंत भी होगा और जीवन का अगला पड़ाव खुशियों से भरा होगा। अगर आपने अपना पूरा ध्यान भविष्य की चिंता पर लगा दिया तो इससे मौजूदा पल आपसे बिछड़ सकते हैं। इसलिए हर पल को जिएं और हर पल का लुत्फ उठाएं।

### अपने सपनों को पूरा करें

कई बार लोग चालीस पार जाते ही सोचने लगते हैं कि बदलाव के लिए अब बहुत देर हो चुकी है। आप भी ऐसा सोचती हैं तो अपने को बदलिए। महिलाएं कई बार युवावस्था में जो शौक जिम्मेदारियों के बोझ के कारण पूरे न कर पाईं, उन्हें मौका मिलने और इच्छा होने के बावजूद लोकलाज या लोगों की टिप्पणी से डर कर पूरा नही करतीं। दूसरे क्या कहेंगे, यह सोचना छोड़िए और जीवन में जो भी अवसर मिले, उसे लपक कर पकड़ें। यह सोचकर कि अब तो आप चालीस के पार हो चुकी हैं, नया क्या करना, हाथ में आया अवसर गंवाएं नहीं। आप बस एक ही बात सोचिए, नई शुरुआत करने के लिए अभी बहुत देर नहीं हुई है। जीवन आज भी संवारा जा सकता है। अपनी एक बड़ी पहचान बनाई जा सकती है।

## एक दायरे में रह कर निभाएं रिश्ते

एक तरफ तो हम इस आधुनिक जीवनशैली में अपने रिश्तों से दूर होते जा रहे हैं, दूसरी ओर रिश्ते इस तरह निभाए जा रहे हैं, जो तनाव का सबब बन रहे हैं। रिश्तों में वो अपनापन और मधुरता नहीं दिखती, जो पहले कभी दिखती थी। सवाल यह है कि हम अपने रिश्तों का निर्वाह किस तरह करें, ताकि हमारे रिश्ते बने रहें। आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

रिलेशनशिप
बुशरा फातमा



आज की जीवनशैली में हम इस कदर व्यस्त हो गए हैं कि तमाम सुख-सुविधाओं के बावजूद अकेलापन महसूस करते हैं, भीतर एक बेचैनी रहती है। ऊपर से हम अपनों से दूर रहकर सोशल मीडिया के आभासी रिश्तों में उलझे रहते हैं। इसकी बड़ी वजह है, पारिवारिक रिश्तों में बढ़ती दूरियां। देखा जाए तो रिश्तों में अब वो अपनत्व नहीं रहा, जो पहले कभी हुआ करता था। इसकी एक मुख्य वजह एक यह भी है कि कई रिश्ते अब ऐसे हो गए हैं, जो हमें मानसिक तनाव देते हैं। ऐसे में रिश्तों में दूरियां आना स्वाभाविक है। स्प्रिचुअल गुरु अशोक रोडे रिश्तों के इस बदलते रूप को एक अलग नजरिए से देखते हैं। वह कहते हैं, 'रिश्तों को एक दायरे में रहकर निभाया जाए तो इससे इंसान ना सिर्फ अनावश्यक तनाव से बच सकता है बल्कि रिश्तों में बढ़ती दूरी को खत्म भी किया जा सकता है।'

**जरूरी है दोनों तरफ से रिश्तों का निर्वहन:** हमारे आस-पास कई ऐसे लोग होते हैं, जो सिर्फ अपने फायदे के लिए ही रिश्ते रखते हैं। वे चाहते हैं, जब उन्हें आपकी जरूरत हो तो आप उपलब्ध रहें। हमेशा उनकी मदद के लिए खड़े रहें, लेकिन जब आपको उनकी जरूरत हो तो वो उपलब्ध नहीं होंगे, व्यस्तता का बहाना बना देंगे। इसलिए ऐसे रिश्तों से सावधान रहें। ऐसे लोगों का जब कोई काम हो तो आप उन्हें काम करने के लिए साफ मना कर दें। इसमें कोई बुराई नहीं है। आसानी से अपनी उपलब्धता देते रहना, अपनी वैल्यू घटाना है, साथ ही ऐसे लोग रिश्तों को कमजोर भी बनाते हैं। रिश्तों में दोनों तरफ से निर्वहन जरूरी है, यह भावना रिश्तों को मजबूत बनाती है। इसमें नकारात्मकता की कोई गुंजाइश नहीं रहती।

**मेडिटेशन और योग करें:** अगर टॉक्सिक रिलेशनशिप से तनाव ज्यादा बढ़ रहा है तो इससे दूरी बनाएं। इस संबंध में एक बात बहुत लाभदायक सिद्ध हो सकती है, वो है योग का सहारा लेना। नकारात्मक मूड से निकलने के लिए सबसे आसान तरीका है- मेडिटेशन और योगासन। इसका नियमित अभ्यास हमें रिश्तों को संभालना सिखाता है, हमें तनावमुक्त करता है।

**सीखें ना कहने की कला:** कई बार सामने वाले से आपकी किसी बात को लेकर सहमति नहीं होती, लेकिन उसे तकलीफ ना पहुंचे, इसलिए आप अपनी असहमति प्रकट नहीं करतीं। लेकिन कुछ ना कह पाने की झिझक रिश्तों को घुन की तरह खाती रहती है, इससे रिश्ते खोखले होते चले जाते हैं। इसलिए गैरजरूरी कामों के लिए ना कहना सीख लें।

### सोशल मीडिया पर रिश्तों की परख जरूरी



**इन दिनों** यह बहुत ही आम बात है कि हर इंसान के पास लैपटॉप-स्मार्टफोन है, जो वर्चुअल रिश्तों को खूब बढ़ावा दे रहा है। लेकिन इस तरह के रिश्तों में बढ़ती घटनाओं ने हमें यह सबक सिखाया है कि वर्चुअल रिश्तों की परख होना बहुत जरूरी है, साथ एक सीमित दायरे में रिश्ते बनाए रखना चाहिए। इस वर्चुअल वर्ल्ड में भले ही अनगिनत रिश्ते चंद दिनों में बन जाते हैं, लेकिन इन पर आंख मूंदकर भरोसा करना समझदारी की बात नहीं है।

**सेल्फ डिफेंस मैकेनिज्म:** स्प्रिचुअल गुरु अशोक रोडे इस बात को बहुत अहमियत देते हैं कि हर इंसान को सेल्फ डिफेंस मैकेनिज्म की समझ होनी चाहिए, जैसे आप किसी ऐसी स्थिति में हैं कि जहां बात बिगड़ सकती है, वहां आपका व्यवहार और रवैया बहुत अहम हो जाता है। स्थिति का अच्छा-बुरा होना हम पर निर्भर करता है। बिना चिल्लाए, गुस्सा किए कई बार हम स्थिति को संभाल सकते हैं।

डेकोरेशन
राना हक

डेकोरेटिव आइटम्स से सजा घर सभी को आकर्षक लगता है। लेकिन अगर आप चाहती हैं कि आपके होम डेकोरेशन को नेचुरल लुक मिले तो आप कुछ ईको फ्रेंडली आइडियाज को फॉलो कर सकती हैं। आपके लिए यूजफुल आइडियाज।

## अपने घर को दें ईको फ्रेंडली लुक



आमतौर पर घर की सजावट का सामान खरीदते समय हम इस बात को अनदेखा कर देते हैं कि उसका पर्यावरण पर क्या असर पड़ेगा? हमारी छोटी-छोटी लापरवाहियों से भी पर्यावरण पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में समझदारी इसी में है कि अपने घर को इस तरह सजाया जाए, जिससे घर दिखने में तो सुंदर लगे ही, पर्यावरण को भी कोई नुकसान न हो।

**इंडोर प्लांट्स से आए हरियाली:** घर अगर छोटा हो और बालकनी में पर्याप्त जगह न हो तो घर सजाने के लिए इंडोर प्लांट्स बेहतरीन ऑप्शन हैं। इंडोर प्लांट्स की खास बात ये है कि इनमें से ज्यादातर एयर प्यूरीफायर का काम करते हैं, जो सजावट के साथ-साथ आपके घर की हवा को साफ रखने में भी मदद करते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि



इन प्लांट्स को प्लास्टिक पॉट के बजाय सेरेमिक या रिसाइकल्ड बॉटल्स में लगाएं।

**लिविंग रूम में केन फर्नीचर:** यूं तो मार्केट में कई तरह के फैंसी फर्नीचर मिल जाते हैं। लेकिन इनमें से अधिकांश कुछ ही समय में खराब होने लगते हैं। इनके बजाय आप केन फर्नीचर से अपने घर के लिविंग रूम को डेकोरेट कर सकती हैं। इनकी खासियत यह होती है कि ये बहुत टिकाऊ होते हैं। इन्हें ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे ये सालों-साल घर की शोभा बढ़ाते रहते हैं। अब तो केन फर्नीचर भी मार्केट ट्रेंड के हिसाब से मॉडर्न लुक में उपलब्ध हैं। ऐसे फर्नीचर को तैयार करने में ट्रेडिशनल के साथ-साथ मॉडर्न टेक्सचर का भी इस्तेमाल किया जाता है। इसीलिए ये अट्रैक्टिव लगते हैं और इनसे पर्यावरण को कोई नुकसान भी नहीं होता है।

**नेचुरल फैब्रिक का करें यूज:** घर में यूज किए जाने वाले ज्यादातर फैंसी कर्टेन सिंथेटिक फाइबर के बने होते हैं। ये एन्वॉयर्नमेंट के लिए हार्मफुल होते हैं। इसलिए जहां तक संभव हो कर्टेन, कुशन कवर, बेडशीट जैसी चीजों के लिए नेचुरल फैब्रिक का सेलेक्शन करें। कॉटन, लिनेन, जूट जैसे फैब्रिक थोड़े महंगे जरूर होते हैं, लेकिन इनकी लाइफ लंबी होती है। ये आपके खर्च को कंट्रोल करने में मदद करते हैं और पर्यावरण के लिए भी अच्छे होते है।

**मल्टीपर्पस सामानों का करें यूज:** आजकल फ्लैट कल्चर में डेकोरेटिव आइटम्स रखने के लिए स्पेस बहुत कम ही बचता है। इसलिए जहां तक संभव हो ऐसे फर्नीचर का चुनाव करें, जिसका इस्तेमाल कई तरह से किया जा सकता है। फोल्डेबल टेबल्स, स्टोरेज टूल, डेकोरेटिव बॉक्सेस दिखने में अच्छे लगते हैं और इनका इस्तेमाल भी कई तरह से किया जा सकता है। ऐसे मल्टीपर्पस सामान यूज करने से जो स्पेस बचता है, उसमें आप मनपसंद डेकोरेटिव आइटम्स रख सकती हैं।

**हैंडक्राफ्टेड डेकोरेटिव आइटम्स:** घर सजाते समय अगर आप छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखेंगी तो ये न सिर्फ बजट के लिए सही रहता है,



बल्कि ईकोफ्रेंडली ऑप्शन अपना कर पर्यावरण को बचाने में भी मदद कर सकती हैं। जैसे-वॉल हैंगिंग्स, पॉट्स, किचेन टूल्स, क्ले पॉट्स जैसे हैंडीक्राफ्टेड आइटम्स बहुत अट्रैक्टिव तो लगते ही हैं, ईकोफ्रेंडली भी होते हैं।

## यूज करें होममेड मॉयश्चराइजर चेहरा दिखेगा खिला-खिला



स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

सीजन कोई भी हो, स्किन केयर के लिए पूरे साल मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करना जरूरी है। यह न केवल स्किन को हाइड्रेट करता है बल्कि स्किन को सॉफ्ट बनाता है और सुरक्षित रखता है। आप होममेड मॉयश्चराइजर यूज कर सकती हैं।

**नॉर्मल स्किन:** अगर आपकी स्किन नॉर्मल है तो आप बादाम और एलोवेरा का मॉयश्चराइजर बना सकती हैं। इसे बनाने के लिए एक बड़े कटोरे में आधा कप एलोवेरा जैल, 2 बड़े चम्मच जोजोबा या बादाम का तेल, लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की 5-6 बूंदें मिलाएं। जब तक ये फ्लफी न हो जाएं, इन्हें मिलाते रहें। इसके बाद इसे एक एयरटाइट कंटेनर में भर कर फ्रिज में रख दें। आप इसे जरूरत के मुताबिक लगा सकती हैं। इस



क्रीम का इस्तेमाल करने से पहले चेहरे को पानी और फेस वॉश से क्लीन करना न भूलें।

**ऑयली स्किन:** ऑयली स्किन के लिए भी आप मॉयश्चराइजर घर में बना सकती हैं। कांच के कटोरे में ताजा एलोवेरा से एक चम्मच एलोवेरा जैल निकाल लें। इसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इस मिश्रण में आधा चम्मच नारियल तेल और आधा चम्मच बादाम का तेल मिलाकर इसका पेस्ट बना लें। जब पेस्ट क्रीम की तरह मिक्स हो जाए तो इसे कांच की बोतल में रख कर फ्रिज में स्टोर कर लें। इस मॉयश्चराइजर को आप नियमित रूप से उपयोग कर सकती हैं।



ऑयली स्किन के लिए आप यह तरीका भी अपना सकती हैं। एक पैन में थोड़ा सा गुलाब जल लें और उसमें एक कप गुलाब की पंखुड़ियां डालकर इसे उबाल लें। जब घोल ठंडा हो जाए तो इसे छान लें। अब इसमें एलोवेरा जैल मिलाएं और इस मिश्रण को फ्रिज में रख दें। इसे अपने चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। ऐसा आप हर रात सोने से पहले करती रहें। इससे स्किन सॉफ्ट बनेगी।

**ड्राई स्किन:** अगर आपकी स्किन ड्राई है तो भी आप मॉयश्चराइजर बना सकती हैं। ड्राई स्किन के लिए एक कटोरे में एक चम्मच शहद और दो चम्मच ग्लिसरीन डालें। इस मिश्रण में दो चम्मच एलोवेरा जैल डालकर अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण में दो चम्मच ग्रीन टी का पानी डालकर इसे अच्छे से पेस्ट बना लें। जब पेस्ट क्रीम की तरह मिक्स हो जाए तो इसे कांच की बोतल में रख लें। अब इस बोतल को फ्रिज में रख दें और इस मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल जरूरत के अनुसार करें। आपका चेहरा हमेशा खिला हुआ नजर आएगा।

## रेनी सीजन में क्या खाएं-क्या न खाएं

बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां खान-पान में लापरवाही से होती हैं। ऐसे में आपको जरूर जानना चाहिए कि इस मौसम में अपनी डाइट को लेकर क्या सावधानियां बरतनी जरूरी हैं?

डाइट सजेशन
डॉ. अदिति शर्मा. डाइटीशियन



बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां होने की आशंका बढ़ जाती है। नमी और गंदगी के कारण बैक्टीरिया, वायरस और फफूंद तेजी से बढ़ते हैं। ऐसे में जरा सी लापरवाही आपके स्वास्थ्य को बिगाड़ सकती हैं, इसलिए खान-पान को लेकर विशेष ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं, इस सीजन में कैसी हो आपकी डाइट।

**ताजा-गर्म भोजन:** इस मौसम में बाहर का खाना खाने से परहेज करें, क्योंकि इस मौसम में पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है, इसलिए घर का बना ताजा और गर्म खाना ही खाएं। हमेशा हल्का खाना खाएं। तले-भुने व्यंजनों से भी परहेज करें। दलिया, खिचड़ी, दाल, सूप को अपने खाने में शामिल करें। ठंडा और फ्रिज में रखा हुआ खाना न खाएं।

**इम्यूनिटी को मजबूत बनाएं:** अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए तुलसी, अदरक वाली चाय का सेवन करें। काढ़ा पीने से भी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे इन दिनों होने वाली बीमारियों से भी आप सुरक्षित रहती हैं।

**मौसमी सब्जियां-फल:** मौसमी सब्जियों और फलों को अपने आहार में शामिल करना चाहिए। इस मौसम में लौकी, परवल, तोरी, और सीताफल खा सकती हैं, क्योंकि ये सब पेट के लिए बहुत ही फायदेमंद होती हैं लेकिन इसे बनाने से पहले अच्छी तरह से जरूर साफ कर लें। इसके अलावा रंग-बिरंगे फलों का भी सेवन फायदेमंद होता है जैसे सेब, आम, जामुन, अमरूद, चेरी, स्ट्रॉबेरी और आलू बुखारा खा सकती हैं। इसमें फाइबर और विटामिंस होते हैं, जो हमारे शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक होते हैं। ये हमारे इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। लेकिन खाने से पहले फलों को अच्छी तरह धोना जरूरी है।

**आटा-चावल:** इस मौसम में बाजरा, रागी और गेंहू के आटे को बदल-बदल कर खाना चाहिए। बाजरा और रागी में प्रोटीन, कैल्शियम बहुत होता है। इसके अलावा चावल में ब्राउन राइस लें, क्योंकि ये हार्ट, शुगर और बीपी के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है।

**लिक्विड:** बरसात के मौसम में गुनगुने पानी का ही सेवन करें या फिल्टर का पानी पीएं। इसके साथ नीबू पानी, नारियल पानी, सूप पीना भी फायदेमंद होता है।

प्रस्तुति: संध्या रानी

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक नैना चौटाला पहुंची देसूजोधा

**सिरसा।** पूर्व विधायक नैना चौटाला ने गांव देसूजोधा के गुरु गोरखनाथ व बाबा केसर कंवरनाथ मंदिर पहुंचकर शीश नवाया व बाबा गोरखनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने इस दौरान श्रद्धालुओं से बातचीत कर उनके साथ सुख-दुख की जानकारी भी सांझा की। समूचे ग्रामीणों ने गांव में उन्हें मंदिर परिसर में बैठकर भजन कीर्तन करने वाले स्थल पर शैड लगवाकर देने के लिए पूर्व विधायक का आभार व्यक्त किया।

### पूर्व खिलाड़ियों को मिलेंगे खेलो इंडिया केंद्र : डीएसओ

**फतेहाबाद।** भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत जमीनी स्तर पर खेलों के विकास व प्रोत्साहन हेतु महत्वपूर्ण खेलो इंडिया लघु केंद्र योजना प्रारंभ की गई है। केन्द्र खोलने के इच्छुक खिलाड़ी 22 अगस्त तक निर्धारित आवेदन पत्र भरकर जिला खेल कार्यालय भोडिया खेड़ा स्टेडियम, फतेहाबाद में जमा करवा सकते हैं। जिला खेल अधिकारी विष्णु दास ने बताया कि योजना के अंतर्गत पूरे देश में 1000 केंद्र स्थापित किए जाने हैं।

### यूथ मैराथन में बढ़-चढ़कर ले हिस्सा : एसडीसी

**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि डबवाली में 24 अगस्त को आयोजित होने वाली यूथ मैराथन नशे के खिलाफ जन जागरूकता की कड़ी में महत्वपूर्ण अभियान है। मैराथन के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी तय समय में कार्य पूर्ण करते हुए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। यहीं नहीं यूथ मैराथन में हिस्सा लेने के लिए ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को प्रेरित करें ताकि नशे के खिलाफ इस अभियान में एक बड़ी सामूहिक जनभागीदारी सुनिश्चित हो और आमजन के बीच स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने की प्रेरणा मिले।

### करियर की तैयारी पर वेबिनार का आयोजन

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (गुजविप्रौवि) के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के मार्गदर्शन में, इंडस्ट्री इंटरेक्शन (आईआईसी) द्वारा 'कैंपस से कॉपोरेट तकः अगली पीढ़ी के करियर के लिए तैयारी' शीर्षक पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सहायक निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह के स्वागत के साथ हुई। प्राज इंडस्ट्रीज लिमिटेड में भारत एचआरबीपी प्रबंधक, अनुभवी मानव संसाधन पेशेवर नितेश कुमार वेबिनार के मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने की।

### नपा के पूर्व चेयरमैन सुबेर को मातृशोक

**नारनौंद।** नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन सुबेर लोहान की माता का लंबी बीमारी कारण देहांत हो गया। उनके निधन पर अनेक समाजसेवी संगठनों ने गहरा दुख प्रकट किया है। सुबेर लोहान ने बताया कि 78 वर्षीय उनकी माता कृष्णा देवी पिछले 28 सालों से कैंसर की बीमारी से पीड़ित थी। इसके कारण उनका देहांत हो गया।

## पूरे प्रदेश में रोष, दोषियों को फांसी देने की मांग

# मनीषा हत्याकांड के विरोध में सामाजिक और व्यापारियों संगठनों ने निकाला मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

स्कूल अध्यापिका मनीषा हत्याकांड को लेकर पूरे हरियाणा में रोष व्याप्त है। सोमवार को फतेहाबाद की पुरानी अनाज मंडी में विभिन्न सामाजिक, श्रमिक और व्यापारिक संगठनों ने एकजुट होकर दोषियों को फांसी देने की मांग को लेकर जोरदार रोष मार्च निकाला। रोष मार्च का नेतृत्व हरियाणा मंडी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र खटक ने किया। रोष मार्च में श्री संत कबीर युवा क्लब, व्यापार मंडल, मुनीम यूनियन तथा मजदूर यूनियन समेत अनेक संगठनों ने भाग लिया। सभी ने एक सुर में मनीषा हत्याकांड के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा, विशेषकर फांसी देने की मांग की। इस मौके पर अनाज मण्डी व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भादू ने कहा कि सरकार को दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करना चाहिए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देनी चाहिए ताकि प्रदेश में इस प्रकार की फिर घटना ना हो सके। उनके साथ प्रमुख रूप से राजेश कुमार, सुरेश बावल, रमेश कुमार, सीताराम, महेंद्र, सतीश कुमार, मुकेश मुख पूरा, सुरेंद्र, सागर, पिंकी, एसपी ओमप्रकाश, विक्रम दुग्गल, हरि सिंह बागड़ी, सतपाल फ्रंड, रमेश, सुरेंद्र बासौदा आदि उपस्थित रहे।



**फतेहाबाद।** स्कूल अध्यापिका मनीषा को श्रद्धांजलि अर्पित करते सामाजिक संगठनों के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

इसके अलावा इस निर्मम हत्या के विरोध में फतेहाबाद में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी एकजुट होकर रोष मार्च निकाला। यह रोष मार्च जवाहर चौक से शुरू किया गया। मेन बाजार, थाना पार्किंग, अग्रसैन चौक, हंस मार्केट, पुराना बस स्टैण्ड, जीटी रोड से होते हुए यह मार्च पपीहा पार्क में पहुंचा। इस दौरान यहां सभी ने कैण्डल जलाकर मनीषा को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर नागरिक अधिकार मंच के संयोजक राजीव सेतिया, सह संयोजक दुष्यंत कुमार, बबलू शर्मा, संदीप महिया, पार्षद मोहन लाल नारंग, कमलेश वशिष्ट एडवोकेट, हरिकिशन कम्बोज़, डॉ. बी.डी कम्बोज, अमित पूनिया, न्यू जनरेशन सोशल वैलफेयर सोसायटी की चेयरपर्सन अनीता क्रान्ति, नई उम्मीद संस्था से संगीता प्रणामी, शकुंतला जांगड़ा, पॉव एण्ड प्रिंट रेस्क्यू ट्रस्ट से डॉ. प्रवीण, हरियाणा ज्ञान-विज्ञान समिति के प्रधान संदीप महिया, जिंदगी संस्था के अध्यक्ष हरदीप सिंह, पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के प्रधान धर्मपाल दरियापुर, मास्टर सीताराम सहित अनेक लोगों ने भाग लिया।

### मानावाली में नौजवान सभा ने भी निकाला कैंडल मार्च, दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग



**फतेहाबाद।** भिवानी में घटित मनीषा हत्या कांड ने न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश को हिला कर रख दिया है। 19 वर्षीय शिक्षिका मनीषा, जो अपने भविष्य को सँवारने के लिए नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश लेने की प्रक्रिया के लिए घर से निकली थी, कभी वापस नहीं लौटी। दो दिन बाद उसकी गला कटी लाश नहर के किनारे मिली। यह घटना अपने आप में बेहद दर्दनाक है और हमारे समाज तथा प्रशासन की संवेदनहीनता को उजागर करती है। इस घटना के विरोध में मानावाली गांव में भारत की जनवादी नौजवान सभा तरफ से कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च में काफी संख्या में युवाओं और ग्रामीणों ने भाग लिया और सरकार से दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की गई। सभा के यूनिट प्रधान पंकज व सचिव राहुल ने कहा कि मनिषा की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने पर पुलिस ने लापरवाही बरती और यहां तक कहा कि लडकी भाग गई होगी। यह बयान न केवल शर्मनाक है बल्कि यह दिखाता है कि पुलिस आम जनता की समस्याओं को कितनी असंवेदनशीलता से लेती है। जब तक समाज की बेटियों और बहनों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं दी जाएगी और पुलिस प्रशासन को जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा, तब तक ऐसे जघन्य अपराध बार-बार दोहराए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मनिषा की हत्या की जाँच अब तक सही दिशा में नहीं बढ़ी है। हत्यारों की गिरफ्तारी में देरी और लगातार की जा रही ढिलाई यह साबित करती है कि पुलिस और प्रशासन अपनी जिम्मेदारियों से बच रहे हैं। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है और पूरे तंत्र पर सवाल खड़े करती है। नौजवान सभा ने मांग की कि मनिषा के हत्यारों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। इस मामले की सुनवाई फास्ट-ट्रैक कोर्ट में कराई जाए और दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति ऐसी घटना करने की हिम्मत न कर सके। गुनाहगारों को संरक्षण देने वाले और लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।


सिरसा। लघु सचिवालय में धरने पर बैठे विभिन्न संगठनों के सदस्य।

## मनीषा को न्याय दिलाने के लिए सड़कों पर उतरे विभिन्न संगठन

### उपायुक्त को सौंपा पीएम के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भिवानी की शिक्षिका मनीषा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को शहर में विभिन्न संगठन सडक़ों पर उतरे और रोष जाहिर किया। रोष प्रदर्शन के बाद उपायुक्त को प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। उपायुक्त कार्यालय पहुंचे बैरागी समाज संगठन, किसान यूनियन, मजदूर यूनियन एवं अन्य सामाजिक संगठनों ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा राजकीय नेशनल कालेज के विद्यार्थियों ने कालेज के बाहर रोष जाहिर कर मनीषा हत्याकांड के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। किसान नेता लखविंद्र सिंह ने कहा कि असामाजिक तत्वों ने बर्बरतापूर्वक पीड़िता की अस्मिता और जीवन को नष्ट करने का जघन्य और दिल दहला देने वाला कुकृत्य करने का दुस्साहस किया है। इस प्रकरण में प्रारम्भ में 112 पुलिस एवं लोहारू पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों का व्यंग्यात्मक शैली के साथ पेश आनाए प्राथमिक सूचना रिपोर्ट मौके पर दर्ज करने में शिथिलता एवं मौके पर मदद न करने पर पीड़िता की मौत होना और उसके परिवार को गहरी पीड़ा पहुंचाई है। स्थानीय स्तर पर प्रभावी दबाव या लापरवाही के कारण उचित और निष्पक्ष जांच आगे नहीं बढ़ पा रही। न्याय की प्रतीक्षा में परिवार आज भी प्रशासनिक स्तर पर ठोस एवं निर्णायक कदमों की अपेक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने पूरे हरियाणा की आत्मा को झकझोर दिया है।

### मदन लाल धीगड़ा के 116वें शहीदी दिवस पर 17वां रक्तदान कैंप लगाया

# 101 लोगों ने रक्तदान कर दी शहीद मदनलाल धींगड़ा को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

ऐलनाबाद पंजाबी-अरोड़वंश समाज ऐलनाबाद के द्वारा स्वतंत्रता सेनानी मदन लाल धीगड़ा के 116वें शहीदी दिवस पर 17वां रक्तदान कैंप लगाया और इस ब्लड कैंप में 101 लोगों ने रक्तदान कर शहीद को श्रद्धांजलि दी।


सिरसा। रक्तदानियों को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

पंजाबी अरोड़ा समाज के अध्यक्ष दीपक अरोड़ा ने बताया कि ब्लड कैंप नोहर रोड स्थित जनता होस्पिटल में लगाया गया व इसमें सिरसा की शिव शक्ति ब्लड कैंप की टीम व पंजाबी युवा अरोड़वंश सेवा समिति ने भी अपना सहयोग किया। मुख्य अतिथि वेद प्रकाश अनेजा, तारा चंद वधवा ने ज्योति प्रज्जवलित कर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और ब्लड कैंप का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि आप साल में छह बार तक रक्तदान कर सकते हैं, एक स्वस्थ शरीर लगभग चार से छह हफ्तों में रक्त का पुनर्जनन या उससे ज्यादा रक्त बना सकता है। ब्लड डोनेशन करने से स्वास्थ्य में सुधार होता है। रक्तदान से आयरन का संतुलन बना रहता है, जिससे हार्ट अटैक का खतरा घटता है। नया रक्त निर्माण शरीर नए रक्त सेल्स बनाता है, जिससे मेटाबॉलिज्म सुधरता है कैलोरी बर्न होती है। युवा टीम के अध्यक्ष राजीव वधवा व युवराज गिन्होत्रा ने बताया कि संस्था आगे भी शहीदों के बलिदान दिवस पर यूं हीं सामाजिक कार्य करती रहेगी।

## युवाओं को रोजगार देने में राज्य सरकार नाकामः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

युवा कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहित शर्मा ने सोमवार को जारी एक प्रेस बयान में कहा कि आज प्रदेश में नशा काफी फैल चुका है। नशे का मुख्य कारण बेरोजगारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार देने में नाकाम साबित हुई है। बेरोजगारी से निराश व हताश युवा नशे व अपराध की गर्त में समा रहा है और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। मोहित ने कहा कि युवा ही देश का भविष्य है और भाजपा ने युवाओं के लिए रोजगार का प्रबंध ना कर देश का भविष्य बिगाड़ने का ही काम किया है। इसके लिए युवा वर्ग भाजपा को कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में ही युवाओं का भविष्य सुरक्षित है। युवा कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो सबका भला कर सकती है। मौजूदा भाजपा शासन पर तंज कसते हुए युवा नेता ने कहा कि भाजपा के शासन में लोग खून के आंसू रो रहे हैं। निरंतर बढ़ती मंहगाई ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है। दो पैसे की बचत तो दूर, दो वक्त की रोटी का बंदोबस्त कर पाना मुश्किल हो गया है। मोहित शर्मा ने कहा कि लोग भी अब जागरूक हो रहे हैं और भाजपा को सत्ता सौंपने की अपनी गलती के लिए पछता रहे हैं। मोहित ने कहा कि परिवार पहचान पत्र योजना परिवार परेशान योजना बनकर रह गई है।

### चौधरी देवीलाल विवि में संस्कृत सप्ताह शुरू

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत सप्ताह की शुरुआत सोमवार को वैदिक हवन और पौधारोपण के साथ की गई। कार्यक्रम में सीडीएलयू के कुलसचिव प्रो. अशोक शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रो. अशोक शर्मा ने कहा कि संस्कृत भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। पोधारोपण और वैदिक परंपराएँ हमारी संस्कृति के मूल स्तंभ हैं। उन्होंने युवाओं से प्रकृति व संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. रोहतास द्वारा की गई। हवन में विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रों का शुद्ध उच्चारण करते हुए आहुतिया अर्पित की। इस पावन अनुष्ठान ने परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। विभाग के प्राध्यापक डॉ. राकेश कुमार व कोमल ने संयोजक के रूप में कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

## विकास कार्यों में नहीं आने दी जाएगी धन की कमीः अर्जुन चौटाला


रानियां। हलके में विकास कार्यों का उद्घाटन करते अर्जुन चौटाला।

**रानियां।** विधायक अर्जुन चौटाला ने कहा कि रानियां हलके में विकास कार्यों में धन की कमी नहीं आने देंगे और ग्रामीण व शहरी क्षेत्र का समान रूप से विकास करवाया जाएगा। अर्जुन चौटाला सोमवार को हलके के विभिन्न गांवों मंगाला, चकराइयां, मौजद्दीन, गिदड़ांवाली, ढाणी प्रताप, ओटू, फिरोजाबाद, रामपुर थेड़ी, रणजीतपुर थेड़ी, संतावाली, भड़ोलावाली, जीवननगर व दलीपनगर आदि में जिला परिषद की ओर से प्रदत्त राशि व विधायक कोटे से करवाए गए करोड़ों के विकास कार्यों का उद्घाटन करने के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके परिवार ने सदैव रानियां क्षेत्र के विकास के लिए समर्पण भाव से कार्य किए हैं और यही वजह है कि रानियां के लोग भी उन्हें अपने परिवार का अंग मानते हैं। विधायक अर्जुन चौटाला ने अपने चार दिवसीय दौरे के पहले दिन उपरोक्त गांवों में पक्की सडक़ों, गलियों का निर्माण आदि के अनेकानेक कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे रानियां के गांवों व शहर का समान रूप से विकास करने के पक्षधर हैं और विकास करने में पैसे की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर उनके साथ इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा, हलकाध्यक्ष हरमीत सिंह पंडोरीवाला, युवा इनेलो जिलाध्यक्ष भगवान सिंह कोटली, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनोद बेनीवाल, धर्मवीर नैन, जिला पार्षद रवि मंगाला, इनेलो के प्रदेश सचिव कश्मीर सिंह करीवाला, डबवाली के हलकाध्यक्ष मंदर सिंह सरां, चंद्र फिरोजाबाद, संदीप कंबोज आदि मौजूद थे।

## फतेहाबाद पुलिस ने गुम हुए 9 मोबाइल ढूंढकर असल मालिकों को लौटाये

- अब तक 185 से अधिक गुम मोबाइल फोन पुलिस ने ट्रेस कर मालिकों को लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल लौटाते एसपी। *फोटो : हरिभूमि*

साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने 9 लोगों के मोबाइल फोन ढूंढ निकाले हैं। आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 9 गुमशुदा मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटाए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 7 लाख है। यह मोबाइल फोन साइबर थाना की तकनीकी टीम द्वारा आईएमईआई ट्रेसिंग, डिजिटल सर्विलांस और लोकेशन ट्रैकिंग के माध्यम से ट्रेस कर बरामद किए गए। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार व उनकी टीम ने अत्यंत कुशलता से कार्य करते हुए मोबाइलों की पहचान कर उन्हें संबंधित मालिकों तक पहुंचाया। अब तक 185 से अधिक गुम मोबाइल फोन फतेहाबाद पुलिस द्वारा ट्रेस कर लौटाए जा चुके हैं, जो कि तकनीकी समर्पण और जनसेवा का प्रतीक है। आज एसपी सिद्धांत जैन ने स्वयं अपने हाथों से मोबाइल लौटाए, तो नागरिकों के चेहरों पर राहत, आभार और भावनात्मक खुशी साफ झलक रही थी। कुछ लोग जिनकी उम्मीदें खत्म हो चुकी थीं, उनके लिए यह पल अविस्मरणीय था। आज जिन लोगों को मोबाइल लौटाये गए उनमें चंद्रमोहन निवासी बनावाली, मांगे राम कसवां निवासी भट्टूकलां, श्रवण निवासी बनगांव, अमनदीप निवासी हिजरावां खुर्द, रोशन लाल निवासी कलोठा, बिंद्रा प्रसाद निवासी दरियापुर, साहिल कुमार निवासी जगजीवनपुरा, फतेहाबाद, बलवान निवासी मानावाली तथा सतवीर निवासी भुना शामिल हैं।

## न्यूज डायरी

### स्मार्ट सिटी के नाम पर जनता से किया छलः सैलजा

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की 11 वर्षों की राज्य व केंद्र सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर जनता को गुमराह किया है। गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिसार, सिरसा सहित हरियाणा के लगभग सभी नगरों में गंदगी के अंबार लगे हैं। से कथित स्मार्ट सिटी बरसात में जलभराव से झील बन जाते है। इसके अतिरिक्त टूटी हुई सडक़ों और अव्यवस्थित जल निकासी व्यवस्था ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। शहरों की दुर्दशा पर भाजपा सरकार को कदम उठाना चाहिए। सोमवार को जारी एक बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार ने 30 जून तक नालों की सफाई का वायदा किया था, अब अगस्त माह चल रहा है पर कुछ हुआ ऐसा दिखाई नहीं देता। बरसाती नालों की सफाई न होने के कारण जगह-जगह पानी जमा है, जिसके चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियां तेजी से फैल रही हैं।

### केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान में प्रशिक्षण आयोजित

**सिरसा।** केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान (सीआईसीआर) के क्षेत्रीय स्टेशन सिरसा और कृषि तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कृषि अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नरमा-कपास की खेती में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए अधिकारियों को नवीनतम तकनीकों से रूबरू करवाना था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने अलग-अलग विषयों पर गहन चर्चा की। प्रधान वैज्ञानिक (कीट विज्ञान) डॉ. ऋषि कुमार ने प्रतिभागियों को नरमा-कपास को प्रभावित करने वाले कीटों की पहचान और उनके प्रबंधन के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने खेतों में फेरोमोन ट्रैप लगाने की तकनीक पर भी जानकारी दी। डॉ. एसके सैन ने नरमा-कपास के रोगों और उनके नियंत्रण पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. अमरप्रीत सिंह ने खरपतवारों और पोषक तत्वों की कमी के लक्षणों की पहचान और उनसे निपटने की सर्वोत्तम प्रथाओं पर बात की। डॉ. सुभाष चन्द्र ने बीटी नरमा के हाइब्रिड का चुनाव करने के महत्वपूर्ण पहलुओं को समझाया और डॉ. एसके वर्मा ने क्षेत्रीय स्टेशन पर चल रहे शोध कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

**चैम्पियनशिप** चैम्पियनशिप में देशभर के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने लिया भाग

# सब जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में डीएवी पुलिस स्कूल के अर्पित ने जीता गोल्ड

- 64-67 किलो भार वर्ग में प्रतिभा का किया शानदार प्रदर्शन
- अर्पित को मिली यह सफलता विद्यालय के लिए गर्व का पल : प्रधानाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नोएडा में हुई चौथी अंडर-15 सब जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में फतेहाबाद के डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी अर्पित ने अपने शानदार प्रदर्शन के साथ हरियाणा और फतेहाबाद का नाम रोशन किया है। इस चैम्पियनशिप में देशभर के विभिन्न राज्यों के खिलाडियों ने भाग लिया। कक्षा नौंवी के छात्र अर्पित ने 64-67 किलो भार वर्ग में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंदियों को धूल चटाई और गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। विद्यालय पहुंचने पर विजेता छात्र का प्रधानाचार्या अमिता सिंह व स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया। प्रधानाचार्या अमिता सिंह ने कहा कि अर्पित को मिली यह सफलता विद्यालय के लिए गर्व का पल है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी अर्पित बॉक्सिंग की अनेक प्रतिस्पर्धाओं में अपना दमखम दिखा चुका है। अर्पित को शुभकामनाएं देते हुए प्रधानाचार्या ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी विद्यार्थी जीवन में बहुत महत्व है। खेल न केवल छात्रों को स्वस्थ रखते हैं बल्कि उन्हें एक बेहतर इंसान बनने में भी मदद करते हैं। शिक्षा को लेकर उनका तनाव कम करने में कारगर है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह शिक्षा के साथ-साथ आऊटडोर खेलों को कुछ समय अवश्य दें। इस अवसर पर स्कूल के समस्त स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

इसके अलावा फतेहाबाद में पहुंचने पर द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब द्वारा अर्पित का भव्य स्वागत किया गया। जाट धर्मशाला से लेकर रतिया रोड पर एमएम कॉलेज के पास अकैडमी तक भव्य रोड शो निकाला गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष भवानी सिंह, सरपंच चन्द्रमोहन पोटलिया मौजूद रहे।


**फतेहाबाद।** सब जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल विजेता अर्पित। *फोटो : हरिभूमि*

## डिंग डाइट में प्रशिक्षण शिविर शुरू

- कार्यक्रम का उद्देश्य प्रवक्ताओं को कौशल एवं कार्यकुशलता से सशक्त करना है : ठकराल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते डा. सोमप्रकाश ठकराल।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) डिंग में तीन चरणों में आयोजित होने वाले क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार से शुरुआत हुई। प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए डा. सोमप्रकाश ठकराल कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रवक्ताओं को नवीन ज्ञान, कौशल एवं कार्यकुशलता से सशक्त करना है, ताकि वे अपने क्षेत्र में अत्यधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। इससे एक शिक्षक को अपने शिक्षण कौशल में सुधार करने के साथ-साथ विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में भी सहायता मिलेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एससीईआरटी हरियाणा से विभिन्न विषयों में प्रशिक्षित प्रवक्ता नवीन सिंगला, राजबीर, अश्वनी, ज्ञान कंबोज सोहन लाल, नवनीत, राहुल कसवां राजेंद्र प्रसाद गोदारा, अमित बैनीवाल, नवीन, सतपाल, कमलदीप, राजबीर, कृष्ण एवं अरविंद शर्मा बतौर मास्टर ट्रेनर प्रवक्ताओं को प्रशिक्षण देंगे। इस मौके पर डाइट प्रवक्ता डा. अनिल बिश्नोई, दलीप गोदारा, डा. मनोज पुरी, डा. राजेश खुराना, नरेश नरूला, डा. राकेश मोहन, सुखपाल, सुनील, सुमित, सज्जन फौजी एवम् सहित सिरसा जिले के विभिन्न खंडों से आए हुए बीआरपी एवं एबीआरसी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### महिला सुरक्षा टीम ने छात्राओं से लिया फीडबैक

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस की महिला सुरक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक मंजू सिंह के नेतृत्व में सोमवार को भट्टू कलां क्षेत्र में विशेष डिकॉय चेकिंग अभियान चलाया गया। टीम ने रामसरा स्कूल, भट्टू कॉलेज, भट्टू गर्ल्स स्कूल, भोडिया कॉलेज सहित विभिन्न भीड़भाड़ वाले और संवेदनशील स्थानों पर सघन निगरानी और चेकिंग की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिला सुरक्षा सुनिश्चित करना, छात्राओं व महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा आपात स्थिति में सहायता प्राप्त करने के तरीकों से अवगत कराना था। टीम ने मौके पर छात्राओं व स्थानीय महिलाओं से संवाद कर उन्हें 112 आपातकालीन हेल्पलाइन व 1930 साइबर हेल्पलाइन जैसे महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी। साथ ही आत्मरक्षा के मूलभूत तरीकों पर भी मार्गदर्शन दिया गया। निरीक्षक मंजू सिंह ने कहा कि फतेहाबाद पुलिस महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

### नशा तस्करी मामले में एक युवक को पकड़ा

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां कलां पुलिस ने नशीले पदार्थों से जुड़े एक मामले में एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रणजीत उर्फ गाइल पुत्र चोखराम निवासी गांव हंजीरा, जिला सिरसा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि इस बारे 13 जुलाई को थाना भट्टू कलां में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक केस दर्ज किया गया था। इस केस में मुख्य आरोपी दीपक उर्फ दीपु पुत्र मुकेश कुमार निवासी प्रताप नगर, भट्टू मंडी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। अब, इस प्रकरण में सहआरोपी रणजीत उर्फ गाइल को भी काबू कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी आदतन अपराधी है और उसके विरुद्ध पहले से एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत दो मामले दर्ज हैं।

### गोगामेड़ी नई कार्यकारिणी के रामगोपाल प्रधान बने

**रतिया।** गोगामेड़ी सेवा ट्रस्ट रतिया द्वारा आज गोगामेड़ी प्रांगण में संरक्षक हरिकेश मंगला की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में ट्रस्ट के प्रधान अमरीक सैनी ने ट्रस्ट को अपना इस्तीफा सौंपा। जिसे कमेटी द्वारा स्वीकार करते हुए ट्रस्ट द्वारा उनकी सेवा को लेकर प्रशंसा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से रामगोपाल को प्रधान चुना गया और उन्हें नई कार्यकारिणी चुनने का अधिकार दिया गया। प्रधान रामगोपाल ने गोगामेडी सेवा ट्रस्ट का धन्यवाद करते हुए कहा कि ट्रस्ट द्वारा जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी गई है वह इसे अपने तन मन धन से निभाने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

### छात्रवृत्ति के लिए 31 जनवरी तक आवेदन

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के लिए आवेदन करने की तारीख 31 जनवरी, 2026 तक निर्धारित की है। डॉ. भीमराव अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना में 10वीं, 12वीं व स्नातक कक्षाओं में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। डीसी ने बताया कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के अनुसार अंक प्रतिशत के आधार पर ये स्कॉलरशिप दी जाती है।

---

मांगों को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा

# श्रम कल्याण बोर्ड की योजनाओं पर रोक हटाने को लेकर फतेहाबाद में मजदूरों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



श्रम कल्याण बोर्ड की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने को लेकर लगाई गई रोक से खफा सैंकड़ों मजदूरों ने सोमवार को भवन निर्माण श्रमिक संघ हिसार मंडल संबंधित एटक जिला कमेटी के आह्वान पर लघु सचिवालय पर रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद एसडीएम को मुख्यमंत्री और श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता भवन निर्माण श्रमिक संघ के राज्य प्रधान विक्रम सिंह ने की तथा संचालन राज्य महासचिव विनोद कुमार ने किया।

प्रदर्शन के दौरान मजदूरों को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान विक्रम सिंह ने कहा कि श्रम कल्याणकारी योजनाओं पर सरकार ने रोक लगा दी है जो कि सरासर गलत है। निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड के तहत लगभग 10 लाख मजदूर पंजीकृत हैं जिसमें 6 लाख मजदूर ऑफलाइन तथा 4 लाख ऑनलाइन पंजीकृत हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेश अनुसार विभाग द्वारा सभी निर्माण मजदूर का पंजीकरण स्थाई तौर पर ब्लॉक कर दिए गए हैं। कारण यह दिया गया कि फर्जी तरीके से 90 दिन का वेरिफिकेशन की गई है जबकि 90 दिन की वेरिफिकेशन में मजदूर का कोई कसूर नहीं है। सरकार द्वारा 2018 में यूनियन का अधिकार छीनकर ग्राम पंचायत, सचिव, पटवारी, लेबर अधिकारी व अन्य को दे दिया गया था। इनके द्वारा किए गए भ्रष्टाचार का खामियाजा मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। ब्लॉक किए गए पंजीकरण में वह पंजीकरण भी शामिल हैं जिनका तत्काल श्रम मंत्री द्वारा बोर्ड अधिकारियों के द्वारा कैंप लगाकर वेरिफिकेशन किया गया था। राज्य प्रधान विक्रम सिंह ने मांग की कि किसी भी सूरत में मजदूरों को लाभ न रोका जाए। बोर्ड में कर्मचारी व अधिकारी भर्ती करके बोर्ड को स्वतंत्रता का ढांचा खड़ा किया जाए। 90 दिन का वेरिफिकेशन का अधिकार यूनियन को दिया जाए। फर्जीवाड़ा करने वाले अधिकारियों का कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए। बेमानी शर्तें लगाकर रद्द किए गए लाभ को तुरंत बहाल करके मजदूरों को लाभ दिया जाए। फैमिली आईडी के नाम पर मजदूरों को परेशान करना बंद हो। स्पैशल कैंप लगाकर प्रवासी मजदूरों सहित सभी मजदूरों का पंजीकरण किया जाए। वेरिफिकेशन का अधिकार में यूनियन के प्रतिनिधि को शामिल किया जाए। मनरेगा मजदूरों के बंद पड़े कार्यो को चालू किया। उन्होंने कहा कि यदि सीएम और श्रम मंत्री ने मजदूरों की मांगों की तरफ ध्यान नहीं दिया तो भवन निर्माण श्रमिक संघ आंदोलन को तेज करेगा और मुख्यमंत्री व श्रम मंत्री के आवास का घेराव किया जाएगा।



## चोपटा के बीडीपीओ कार्यालय में गरजे मनरेगा मजदूर

**चोपटा।** चोपटा के बीडीपीओ कार्यालय में सोमवार को क्षेत्र के 30 से अधिक गांवों के मनरेगा मजदूरों ने जोरदार प्रदर्शन किया और मनरेगा कार्य शुरू करवाने के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि लैंड डेवलपमेंट भूमि सुधार के अंतर्गत सभी सरकारी संस्थान जैसे सरकारी स्कूल, श्मशान घाट, चौपाल, सरकारी अस्पताल इत्यादि में कार्य करवाया जाए। लैंड डेवलपमेंट भूमि सुधार के अंतर्गत केवल पंचायती जमीन के सुधार कार्य करवाए जाएं। मनरेगा के तहत रास्तों की बर्म सफाई का कार्य करवाया जाए।जानकारी के अनुसार नाथूसरी चोपटा बीडीपीओ कार्यालय में एकत्रित हुए गंजा रुपाणा, नारायण खेड़ा, निरबाण, जमाल, साहू वाला द्वितीय, खेड़ी, कुकड़ थाना, शाहपुरिया, तरकांवाली, राजपुरा कैरांवाली, नेजिया खेड़ा, कागदाना, चाहर वाला, शक्कर मंदोरी, माखोसरानी, नहराना, लुदेसर, ताजिया खेड़ा, शेरपुरा, अली मोहम्मद, राजपुरा साहनी, रूपावास, रंधावा, चाडीवाल, मोची वाली, गदली, डिंग जोधकां, दड़बा कला सहित कई गांवों के मनरेगा मजदूरों ने सरकार द्वारा बंद करवाए गए मनरेगा कार्यों को शुरू करवाने के लिए जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान संजना, शारदा, सावित्री, सीता देवी, प्रवीणा, भागवती, संतोष, शैलजा, सुलोचना, रोशनी, ज्ञानी, बलकेश, सावित्री, नीमा, राजू, चंदन राम, सरस्वती, सुमित्रा, वेद प्रकाश सहित सैकड़ो मजदूरों ने किसान मजदूर एकता के नारे लगाए और उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा भूमि सुधार के अंतर्गत सभी सरकारी संस्थान जैसे सरकारी स्कूल,श्मशान घाट, चौपाल, सरकारी अस्पताल की सफाई इत्यादि कार्य मनरेगा के तहत बंद कर दिए हैं।



सिरसा। कार्यक्रम को संबोधित करते प्रो. दयानंद शर्मा।

## युवा नशे से दूर रहकर भविष्य पर अपना ध्यान दें: प्रो. शर्मा

- नशे के खिलाफ बेटा बचाओ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला के गांव आनंदगढ़ में शहीद मदनलाल युवा क्लब, ग्राम पंचायत आनंदगढ़ व मानव अधिकार परिषद हरियाणा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में नशे के खिलाफ बेटा बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा नेता प्रो. दयानंद शर्मा व बड़ागुढ़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार शामिल हुए। प्रो. दयानंद शर्मा ने युवाओं को अपने भविष्य पर ध्यान देने व देश की भलाई के कार्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वे नशे से दूर रहकर खेलकूद में बढ़चढकर भागीदारी कर अपने गांव व अभिभावकों का नाम रोशन करें। प्रो. शर्मा ने बेटा बचाओ अभियान की प्रशंसा की और अभियान को तेजी से बढ़ाने के लिए युवाओं से आह्वान किया। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया और साथ ही नशा पीड़ितों का उपचार करवाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए आह्वान किया। डा. शमशेर सिंह ने नशे से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा पीड़ितों का इलाज करवाने के लिए उपचार केंद्र में लाएं। कार्यक्रम के अंत में एंटी ड्रग्स मैन तरुण भाटी ने युवाओं को नशे के प्रति जागरूक किया और उपस्थितजनों को स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर तरूण भाटी ने युवाओं से नशे जैसी बुराई से आजादी लेने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई नशा पीड़ित अपना इलाज करवाना चाहता है तो संस्था उसका भरपूर सहयोग करेगी। उन्होंने ग्रामीणों व युवाओं को नशे के खिलाफ शपथ दिलवाई। क्लब के सदस्य पालाराम गोदारा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार, राजवीर सुथार, पूर्व सरपंच दलबीर बैनीवाल, मनीराम प्रजापत, शेर सिंह गोदारा, भोजराज नंबरदार, जगतपाल गोदारा, डा. एपीजे अब्दुल कलाम फाउंडेशन के अध्यक्ष अमनदीप बजाज आदि मौजूद थे।



## एसबीडीएस वेटरनरी कॉलेज में रैगिंग विरोधी सप्ताह पर सेमिनार का आयोजन

फतेहाबाद। एसबीडीएस वेटरनरी कॉलेज अहरवां में रैगिंग विरोधी सप्ताह के अंतर्गत रैगिंग मुक्त परिसर-शिक्षा का आधार विषय पर सोमवार को एक सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में कॉलेज की छात्रा शाइन व मुस्कान ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रोग्राम के नोडल ऑफिसर डॉ. बलवंत खत्री व प्रिंसिपल डॉ. सुधीर खन्ना ने सभी छात्रों को रैगिंग जैसी समस्याओं से दूर रहने की सलाह दी। संस्थान की चेयरपर्सन शरनजीत कौर ने सभी छात्रों को कहा कि जूनियर छात्रों से मेलजोल बढ़ाना अच्छी बात है, पर रैगिंग को ना कहें। इस अवसर पर डॉ. सजन कुमार, डॉ. धुप सिंह सिन्धु, डॉ. काशी राम, पलविंदर कौर व रोबिन उपस्थित थे।

## नागरिक अधिकार मंच ने शहर की समस्याओं पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते नागरिक अधिकार मंच के सदस्य।

नागरिक अधिकार मंच की सामान्य बैठक पटवार भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट देवी लाल ने की। मीटिंग में मंच के संयोजक राजीव सेतिया ने मंच द्वारा पिछले दिनों मंच की ओर से शहर के विभिन्न मुद्दों पर हुई प्रगति के बारे में जानकारी दी। इसके बाद बैठक में उपस्थित नागरिक मंच के सदस्यों ने शहर के विभिन्न मुद्दों के प्रति अपनी राय रखी। सदस्यों ने सुझाव रखा कि मंच को आम आदमी से जोडऩे के लिए शहर के 27 वार्डों में बैठक की जाए और वहां को लोगों से उनकी समस्या को संबंधित विभाग के सामने रखा जाए। बैठक में सेक्टर तीन में शामिल कालोनियों अल्फा, सोमा व हुडा सैक्टर में नहरी पानी की सप्लाई, मिनी बाईपास पर साइकिल ट्रेक, बिजली के अनावश्यक बढ़े हुए रेट, जिला पुस्तकालय विवाद, जिला मुख्यालय पर रेलवे का सरकारी बुकिंग काउंटर, शहर में फोगिंग करवाने सहित अनेक मुद्दों पर चर्चा हुई। चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इन सभी मुद्दों पर आगामी क्या रणनीति बनाई जाए, इसके लिए नागरिक अधिकार मंच की कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को पटवार भवन में होगी और प्राथमिकता के आधार पर शहर के प्रमुख मुद्दों का चयन किया जाएगा और फिर उन्हीं मुद्दों पर आगामी एक्शन लिया जाएगा। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि नागरिक अधिकार मंच के अतिरिक्त मीडिया प्रभारी की जिम्मेवारी नवीन सिन्हा को सौंपी जाए। इस मौके पर सहसंयोजक दुष्यंत शर्मा, वार्ड-12 के पार्षद मोहन लाल नारंग, डॉ. पृथ्वी सिंह बाना, बनारसी दास मोंगा, कर्मचारी नेता बेगराज, हरबंस मेहरा, संजीव गेरा सहित अन्य मौजूद रहे।

## क्रेसण्ट में पूर्व छात्रों का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में पूर्व छात्रों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक।

क्रेसण्ट स्कूल ने एक विशेष कार्यक्रम के तहत सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहे हमारे पूर्व छात्र जो विद्यालय परिवार के लिए गर्व एवं प्रेरणा का जीवंत उदाहरण हैं, उन्हें विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पाकर क्रेसण्ट विद्यालय का नाम रोशन करने वाले इन होनहार सितारों में सीयूईटी एवं क्लैट में चयनित विधि, लक्षिता, स्मृति, ईशा, दिशा, रक्षिता, मनमीत और हिमांशु ने अपनी मेधा एवं परिश्रम से नयी पहचान बनाई। बोर्ड परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिगर सिंगला, लविश, खुशबू, जीवन्श, युग गोयल और दक्ष बिश्नोई ने परिश्रम की मिसाल कायम की। नीट, जेई, एनडीए की कठिन प्रतिस्पर्धाओं में अर्श, सृष्टि, निशा, नैनिश, शुभम, दिक्षांत और विनीत गर्ग ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सीए परीक्षा में पावनी, कोमल, सोनिया, सृष्टि, पीयूष सिंगला, पूनम रानी, चक्षु, देवेंद्र, कुश कुमार, ऋतिशा, जसमीत कौर और तान्या ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। वहीं सी.ए. फाउंडेशन में सोनिया, संजय, कशिश, दीक्षा, युग मदान, पूजा, रजत, कौशल कथूरिया, खुशी और मोहित ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ये सभी विद्यार्थी आज अपनी मेहनत, अनुशासन एवं दृढ़ निश्चय के बल पर सफलता के शिखर की ओर अग्रसर हैं। इनकी उपलब्धियां केवल व्यक्तिगत जीत नहीं हैं, बल्कि यह इस बात का प्रमाण हैं कि क्रेसण्ट विद्यालय अपने विद्यार्थियों को न केवल ज्ञान देता है, बल्कि उन्हें एक सशक्त, जिम्मेदार एवं उज्ज्वल भविष्य की ओर भी अग्रसर करता है। उन्होंने कहा कि ये सभी विद्यार्थी नयी पीढ़ी के पथप्रदर्शक हैं, जिनकी रोशनी आने वाले वर्षों में और भी अधिक चमकेगी।

## चिल्ली वाली ऐतिहासिक रामलीला 25 सितंबर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। चिल्ली वाली रामलीला के मंचन को लेकर चर्चा करते सदस्य।

श्रीराम सेवा समिति चिल्ली वाली की 98वीं ऐतिहासिक रामलीला का मंचन 25 सितंबर से शुरू होगा। रामलीला के निर्देशक विनोद गर्ग नानू की अध्यक्षता में श्रीराम सेवा समिति चिल्ली वाली धर्मशाला में रामलीला के सभी कलाकारों, कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। निर्देशक विनोद गर्ग ने बताया कि 25 सितंबर से विजयदशमी 2 अक्टूबर तक चिल्ली वाली ऐतिहासिक रामलीला का 98वां मंचन किया जाएगा, जिसमें मंच का संचालन पूर्ण सिंगला करेंगे। रामलीला से पूर्व हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जी की पवित्र ध्वजा को 26 अगस्त मंगलवार को 8:15 बजे मंच पर पूरे धार्मिक रीति रिवाज व मंत्रों उच्चारण के साथ श्रीराम समिति के प्रधान धर्मपाल बुढलाढिया की अध्यक्षता में चढ़ाई जाएगी। ध्वजा चढ़ाने के साथ ही रामलीला की तैयारी व कलाकारों द्वारा रिहर्सल प्रारंभ हो जाएगी। इस बैठक में श्री राम सेवा समिति के सचिव ज्ञान चंद मित्तल, महा प्रबन्धक दयानन्द गर्ग, पूर्व उप प्रधान राजेंद्र मोदी व अन्य मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सेंट जोसफ के विद्यार्थियों ने किया क्वालीफाई

टोहाना। भूना रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शुटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड पर निशाना लगाया। यह जानकारी देते हुए प्राचार्या मारियालीन लुईस ने बताया कि स्कूली गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में जिला स्तरीय शुटिंग प्रतियोगिता में सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने दो गोल्ड जीतकर राज्य स्तरीय शुटिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने बताया कि अंडर 14 ओपन साइट राइफल शुटिंग में स्वीटलक व अंडर 17 ओपन साइट राफल में खुशमनप्रीत ने गोल्ड जीता। प्राचार्या मारियालीन लुईसे ने बताया कि इन्हीं प्रतियोगिताओं में ब्लॉक स्तर पर 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में छात्र वैभव ने गोल्ड मेडल जीतकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

जाखल में हुई भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक

# भाजपा केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक राष्ट्रवादी विचारधारा

- जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली सहित वरिष्ठ नेता मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




फतेहाबाद। भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा।

भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को जाखल में रॉयल सेलिब्रेशन पैलेस में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने की। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, पूर्व विधायक दुड़ाराम, चेयरमैन रविन्द्र बलियाला, पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा, वरिष्ठ भाजपा नेता राजपाल बेनीवाल, कार्यक्रम के संयोजक जंगजीत हुड्डा, सह संयोजक रिंकू सिंगला व संजय रेवड़ी मौजूद रहे। बैठक में जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने संगठन कार्यक्रमों की एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके साथ भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों, उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इसके अलावा संगठन द्वारा बूथ स्तर पर किए गए कार्यों व आगामी कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की योजनाओं से लेकर सेवा पखवाड़ा तक के कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि भाजपा केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक राष्ट्रवादी विचारधारा है। राष्ट्र निर्माण की सोच के साथ काम करने वाली भाजपा आज केवल भारत देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में प्रख्यात है। आम जनता को भाजपा सरकार की कार्यशैली और नीतियों पर अटूट विश्वास है। भाजपा को कार्यकर्ता-आधारित पार्टी कहा जाता है। यहां नेता से अधिक कार्यकर्ता का महत्व है। संगठन का मूल आधार राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक गौरव है। जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य ने कहा कि भाजपा हर संकट में सेवा कार्यों के लिए आगे रहती है, चाहे बाढ़ हो, महामारी हो या कोई आपदा। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास-यह मूल मंत्र सरकार की हर योजना में झलकता है।

इस अवसर पर जगदीश शर्मा, इंद्र गांवड़ी, सविता टुटेजा, भीम लाम्बा, जिप चेयरपर्सन सुमन खीचड़, अशोक जाखड़, विकास लालोदा, शम्मी ढींगड़ा, अनिल सिहाग, प्रमोद बैनीवाल, राममेहर धारसूल, पूनम सिंगला, मंजू बाजीगर, निर्मल नागपुर, लखमी चंद, किरण शर्मा, विकास शर्मा, सीताराम पूनिया व अन्य मौजूद रहे।

### हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं

पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली ने कहा कि भाजपा सरकार किसान, गरीब, महिला और युवा केंद्र में रखकर योजनाएं बनाई जाती हैं। अनेक कल्याणकारी कार्य कर भाजपा सरकार ने अखण्ड भारत एवं आत्म निर्भर भारत को बनाने के सपने को पंख दिये है। पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक गौरव को सर्वोपरि मानना, सेवा भाव से राजनीति करना, गरीब, किसान, युवा और महिला केंद्रित नीतियाँ, विकास और सुशासन की प्रतिबद्धता और भारतीय संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देना भाजपा की विशेषताएं हैं।